राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने माना है कि दूरस्थ शिक्षा प्रणाली हर समय देश में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अध्यापकों तथा अध्यापक-शिक्षकों की [illegible] का एक बड़ा ही उपयोगी एवं आर्थिक [illegible] सुविधाओं से उपयुक्त माध्यम है। इस दस्तावेज के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अध्यापकों शोधकर्ताओं / प्रशासकों के लिए पत्राचार माध्यम सहित दूरस्थ माध्यम से एम० एड० की उपाधि के लिए मानक और मानदण्ड प्रस्तुत किये जा रहे हैं। ये मानक उन सभी संस्थानों पर लागू होते हैं जिन्हें एम० एड० कार्यक्रम में दूरस्थ माध्यम से शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था है चाहे वह एक अकेले शिक्षा कार्यक्रम के रूप में प्रदान की जाती हो या किसी अन्य दूसरे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ-साथ ही चलाये जाने वाले कार्यक्रम के रूप में की जाती हो। जहां तक अन्य कार्यक्रमों के साथ प्रशिक्षण का प्रश्न है, भवन सम्बन्धी तथा अन्य भौतिक सुविधाएं अन्य कार्यक्रमों के साथ मिलकर उपयोग में लाई जा सकती है, बशर्ते कि इससे पाठ्यक्रम की गुणवता पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ना चाहिए। इन मानकों एवं मानदण्डों में उन शर्तों का विवरण देकर स्पष्ट किया गया है एम० एड० कार्यक्रम के लिए मान्यता, अनुमति तथा निर्धारित संख्या से अधिक को प्रवेश की अनुमति प्राप्त करने के लिए जिनकी पूर्ति होना आवश्यक है।

एम० एड० कार्यक्रम में शिक्षा विषय में विशिष्ट पाठ्यक्रमों तथा तत्सम्बन्धी व्यावहारिक / क्षेत्रीय स्तर पर होने वाले कार्य सहित सैद्धान्तिक पाठयक्रम शामिल रहेगा। हनके अतिरिक्त शोध-प्रबन्ध के रूप में प्रस्तुत शोधकार्य इस कार्यक्रम का एक अनिवार्य अंग रहेगा ।

मानकों की व्यवस्था दो वर्गों / स्तरों के अंतर्गत की गई है यथा (I) अनिवार्य मानक की न्यूनतम अपेक्षाएं हैं, मान्यता / अनुमति तथा निर्धारित संख्या से अधिक अतिरिक्त विद्यार्थियों को प्रवेश देने की अनुमति के लिए पात्र होने की दृष्टि से सभी संस्थानों द्वारा जिनकी पूर्ति होनी अनिवार्य है और (1) अपेक्षित मानकों का अर्थ उन निर्देशों से है। कम से कम उचित अवधि में जिनका लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में संस्थानों को सतत् प्रयत्न करते रहना आवश्यक है ।

इस दस्तावेज में ढांचागत आधारभूत साज-सामान शीर्षक के अंतर्गत भूखंड भवन, स्थान, कक्ष, पुस्तकालय आदि के लिए जिन अनिवार्य अथवा अपेक्षित मापों का उल्लेख है, आशय यही है कि वे लगभग उतनी ही होनी चाहिए और उनका उल्लेख मात्र मार्गदर्शन की दृष्टि से ही किया गया है। इसका मुख्य प्रयोजन से यह सुनिश्चित करना है कि कमरे, हाल आदि उतने आकार के अवश्य हों जिनमें अपेक्षित संख्या में विद्यार्थियों के पठन-पाठन का कार्य बिना किसी कठिनाई के सुचारू रूप से सुविधापूर्वक सम्पन्न हो सके ।

1.1 पत्राचार माध्यम सहित दूरस्थ माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि (एम० एड०) के लिये दिशानिर्देश :

*पाठ्यक्रम शीर्षक : दूरस्थ शिक्षा माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि (एम० एड०) ।

*अधिकार-क्षेत्र : प्रत्येक विश्वविद्यालय केवल उन्हीं प्रत्याशियों को प्रवेश देगा जो इस समय उन विद्यालयों में काम कर रहे हैं जो अधिनियम अथवा राज्य /संघ सरकार द्वारा उसके लिये निर्धारित भौगोलिक अधिकार-क्षेत्र में स्थित है ।

*प्रवेश के लिए योग्यताएं : प्रवेश केवल उन्हीं प्रत्याशियों को दिया जाएगा जिन्होंने स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर पर कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों, साथ ही बी० एड० अथवा समकक्ष परीक्षा में जिनके कम से कम

Attested
Sd/- 23/4/11
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

157

50 प्रतिशत अंक रहें हों, और जिनके पास विश्वविद्यालय / संस्थान के अधिकार क्षेत्र में रहकर पूर्णकालिक नियमित अध्यापक–प्रशिक्षक /शोधकर्ता / नीति–निर्धारण अध्यापक / शिक्षा प्रशासक के पद पर कम से कम दो वर्ष तक कार्य करने का अनुभव हो। प्रवेश के लिये शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की अवधि, बी० एड० अथवा समकक्ष परीक्षा म प्राप्त योग्यता–निर्धारण अंकों तथा अध्ययन केन्द्रों पर सुगमता से पहुंचने की सुविधा पर विचार किया जायेगा। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत प्रत्याशियों को वरीयता दी जायेगी।

*सीटों की संख्या : सीटों की अधिकतम संख्या कितनी रहे, इस का निर्णय हर बार विश्वविद्यालय तथा सम्बन्धित राज्य सरकार के बीच परामर्श से किया जायेगा। निर्णय करते समय निम्नलिखित बातों पर ध्यान रखा जायेगा :

1. अधिकार क्षेत्र ।
2. मानव संसाधन विकास सम्बन्धी आवश्यकताएं ।
3. विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र (केन्द्रों) की क्षमता सहित आयोजन करने की क्षमता ।

*अध्ययन केन्द्र : प्रति अध्ययन केन्द्र (केन्द्रों) अधिकतम 25 विद्यार्थी। अध्ययन केन्द्र को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा :

* अध्ययन केन्द्र में विद्यार्थीयों की अधिकतम संख्या प्रति बैच 25 से अधिक नहीं रहेगी ।
* कार्यक्रम को सम्पादित करने में सहायता देने के लिये केन्द्र के पास पारम्परिक अध्यापक शिक्षा–प्रणाली की क्षमता उपलब्ध रहनी चाहिए ।
* केवल उन्हीं अध्यापक शिक्षा संस्थानों को जो बी० एड० एम० एड कार्यक्रमों में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं और जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त है, अध्ययन केन्द्रों का नाम / मान्यता दिया / दी जा सकेगी / सकेगा ।
* पाठ्यक्रम की अवधि : प्रवेश की औपचारिकताओं में व्यय होने वाले समय को छोड़ कर 24 माह का कार्यक्रम को पूरा करने में अधिकतम चार वर्ष से अधिक समय नहीं लगना चाहिए ।
* शुल्क : विश्वविद्यालय तथा संबंधित सरकार द्वारा अधिकतम उस सीमा तक लिया जाएगा जिससे कार्यक्रम को संचालित करने का खच पूरा हो सके ।

कार्यक्रम संघटक –

* दूरस्थ शिक्षा फार्मेट में स्वयं पढ़कर सीखने की पर्याप्त मुद्रित पाठ्यक्रम सामग्री नमूने के बतौर सासग्री का मूल्यांकन–राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा गठित एक समिति द्वारा किया जाएगा।
* वांछनीय तो यह होगा कि टेली–कांफ्रेंसिंग जैसी पर्याप्त श्रव्य–दृश्य सामग्री आडियो–वीडियो पैकेजेज की व्यवस्था रहे ।
* नियमित एसाइनमेंट्स, जिनका निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा–पूरा मूल्यांकन आवश्यक। प्रत्येक प्रश्नपत्र /पाठ्यक्रम में निर्धारित दो एसाइनमेंट्स रहेंगे ।
* कम से कम 360 घण्टे का अनिवार्य संपर्क कार्यक्रम जिसमें 12 सप्ताह तक प्रतिदिन अधिक से अधिक 6 घंटे तक शोध–प्रबंध के लिए मार्ग–दर्शन का कायक्रम सम्मिलित रहेगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विभागों/शिक्षा महाविद्यालयों के योग्यता–प्राप्त अध्यापक–प्रशिक्षकों द्वारा चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान समूह कार्य व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रतिक्रियाओं अनुभवजन्य ज्ञान और छोटे–छोटे समूहों में क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप में तथा अन्य व्यक्तियों के माध्यम से प्राप्त अनुभवों पर जोर दिया जाएगा ।
* मूल्यांकन पूरी तरह व्यापक होगा और निरंतर चलेगा जिसमें कम से कम 25 प्रतिशत आंतरिक और 75 प्रतिशत बाहर के स्तर से होगा ।
* कर्मचारी वर्ग–मुख्यालय / नोडल केन्द्र पर 250 विद्यार्थियों को प्रवेश देने पर कम से कम 5 अध्यापक। प्रत्येक अध्ययन केन्द्र पर 25 विद्यार्थियों के लिए एक समन्वयक सहित 5-अतिरिक्त अध्यापक रहेंगे ।
* संपर्क कार्यक्रमों के लिए निश्चित अवधि को छोड़कर परीक्षाएं उनके लिए विनिर्दिष्ट दिनों में ही ली जाएंगी। संपर्क कार्यक्रमों में कम से कम 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी ।

2. मानव संसाधन :

2.1 कर्मचारी वर्ग :

क) मुख्यालय / नोडल केन्द्रों के लिए कर्मचारी

दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से एम. एड कार्यक्रम को चलाने में अनेक प्रकार की गतिविधियों जैसे कि पाठ्यक्रम की रूप-रेखा तैयार करना, परामर्श, शोध–प्रबन्धन लेखन में मार्ग दर्शन, पाठ्यक्रम विकास, विद्यार्थियों के दत्तकार्य (एसाइनमेन्ट्स) की जांच, स्वयं पढ़कर सीखने की सामग्री, में स्वयं पर निगरानी, सम्पर्क कार्यक्रमों का आयोजन, अध्ययन केन्द्रों पर कर्मचारी वर्ग में रूचि जागृत करना आदि जसे कार्य सम्मिलित हैं। मुख्यालय / नोडल केन्द्रों पर कार्यरत संकाय–सदस्य यह सुनिश्चित करेंगे कि इन सभी क्षेत्रों में सम्बन्धित विषयों का कार्य उपयुक्त रूप में कार्यान्वित हो। निश्चय ही यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालयों और नोडल केन्द्रों दोनों ही स्थानों पर इस कार्य के लिए अपेक्षित सुविधाएं तथा विशेषज्ञों की सुविधा उपलब्ध रहे। विश्वविद्यालय / नोडल केन्द्र मात्र एक प्रशासनिक निकाय के रूप में ही कार्य नहीं करेंगे बल्कि साथ ही उन्हें एक सक्रिय संसाधन केन्द्र के रूप में भी अपना योगदान देना होगा। अतः मुख्यालयों/नोडल केन्द्रों पर पूर्णकालिक उच्च योग्यता–प्राप्त कर्मचारियों को नियुक्त किया जाना अत्यन्त ही आवश्यक है। विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार अतिरिक्त अंशकालिक संकाय–सदस्यों की व्यवस्था भी होनी चाहिए ।

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

158

250 तक विद्यार्थियों को प्रवेश दिये जाने की स्थिति में कार्यक्रम सम्पादन, पाठ्यक्रम के रखरखाव व संशोधन कार्य के लिए मुख्यालयों/नोडल केन्द्रों पर संकाय-सदस्यों की संख्या कम से कम 5 रहेगी, जिनमें एक प्रोफेसर, दो रीडर तथा दो प्राध्यापक (लेक्चरर) होंगे । संख्या में प्रत्येक 100 अतिरिक्त विद्यार्थियों अथवा उसके किसी अंश से वृद्धि होने पर एक अतिरिक्त संकाय-सदस्य होगा ।

(ख) अध्ययन केन्द्र के लिये कर्मचारी

पच्चीस विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाने की स्थिति में अध्ययन केन्द्र पर कम से कम एक अध्यापक-प्रशिक्षक रहेगा जो एक समन्वयक के रूप में कार्य करेगा, साथ ही अंशकालिक आधार पर कम से कम चार अध्यापक प्रशिक्षक भी होंगे । शोध-प्रबन्ध लेखन में मार्गदर्शन, कार्यशालाओं और सम्पर्क कार्यक्रमों के लिए, आवश्यकतानुसार, अपेक्षित संख्या में अतिरिक्त अंशकालिक संकाय-सदस्यों की सेवाएं पारिश्रमिक भुगतान के आधार पर ली जाएंगी ।

2.2 अध्यापक वर्ग

पदनाम	आवश्यक संख्या		विशेषज्ञता	योग्यता और अनुभव
	अनिवार्य	अपेक्षित		
प्रधान/निदेशक (प्रोफेसर की श्रेणी में)	एक	—	शिक्षा	वि० वि० अ० आयोग/सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार : शिक्षा विषय में पी० एच० डी० के साथ प्रथम/द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री तथा शिक्षा संस्थानों/प्रबन्धन/पाठ्यचर्या विकास का अध्यापन और/या शोध या प्रशासन के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव
शिक्षा विषय में रीडर	दो	—	शिक्षा	वि० वि० अ० आयोग/सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार : शिक्षा विषय में पी० एच० डी० के साथ शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर डिग्री तथा अध्यापन/शोध कार्य में पांच वर्ष का अनुभव तथा/या दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में अतिरिक्त योग्यता
शिक्षा विषय में प्राध्यापक (लेक्चरर)	दो	—	शिक्षा	वि० वि० अ० आयोग/सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार : शिक्षा विषय में पी० एच० डी० के साथ शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर डिग्री

टिप्पणी : कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति करते समय यह सावधानी बरती जानी चाहिए कि यथासंभव उतने ही मूल (फाउण्डेशन) विषयों में भी नियुक्तियां हों जितनी प्रमुख (इलेक्टिव) विषयों के लिए की जाएं ।

2.3 सहायक तकनीकी कर्मचारी

पदनाम	अनिवार्य	अपेक्षित	योग्यता
सहायक लायब्रेरियन	1	2	पुस्तकालय-विज्ञान में डिप्लोमा
तकनीकी सहायक	1	2	आई० टी० आई० प्रमाणपत्र/डिप्लोमा उच्च माध्यमिक परीक्षा का प्रमाण-पत्र तथा श्रव्य-दृश्य साधनों में प्रशिक्षण बी० एस० सी०
कम्प्यूटर प्रचालक	1	2	3 कम्प्यूटर शिक्षा विषय में डिप्लोमा

Attested
Gm 25/4/11
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

IndiaCode

159

2.4 प्रशासकीय कर्मचारी तथा सहायक कर्मी (हेल्पर)

पदनाम	अनिवार्य	अपेक्षित	योग्यता
कार्यालय सहायक एवं टाइपिस्ट	1	उच्च श्रेणी क्लर्क 1	विश्वविद्यालय/केन्द्रीय/राज्य सरकार के मानकों के अनुसार
लेखा सहायक एवं क्लर्क	1	निम्नश्रेणी क्लर्क— लेखाकार–1 टाइपिस्ट–1	—वही—
सहायक कर्मी (हेल्पर)	3	5	—वही—
ए० आर०/कार्यालय अधीक्षक/अनुभाग अधिकारी	1	—	—वही—

टिप्पणी : यदि कोई दूसरा अध्यापक—शिक्षा कार्यक्रम पहले से ही चल रहा हो तो उस स्थिति में अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करके कार्य के भार के अनुपात में प्रशासकीय कर्मचारी वर्ग की सेवाओं का मिलकर लाभ उठाया जा सकता है।

2.5 कर्मचारी वर्ग की नियुक्ति का स्वरूप

मुख्य श्रेणी के कर्मचारियों को पूर्णकालिक नियमित वर्ग में नियुक्त किया जायेगा। प्रारम्भ में सहायक वर्ग के शैक्षिक, प्रशासनिक तथा तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्तियाँ अस्थायी/तदर्थ/अंशकालिक आधार पर की जा सकती हैं। नियुक्तियों के लिए सभी प्रत्याशियों का चयन विश्वविद्यालय/वि० वि० अ० आयोग/सरकार के नियमों के अनुसार विधिवत गठित चयन समिति द्वारा ही किया जायेगा।

अध्यापक वर्ग का वेतनमान सरकार/वि० वि० अनुदान आयोग के मानकों के अनुसार ही होना चाहिए।

3. ढांचागत आधारभूत साजसामान

स्थान और भवन

3.1 मुख्यालय/नोडल केन्द्र

नोडल केन्द्र के रूप में विश्वविद्यालय संस्थान ही काम करेंगे। पाठ्यक्रम चलाने का दायित्व उन्हीं को लेना होगा। नोडल केन्द्र (क) पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने, योजना बनाने तथा उसका विकास करने, (ख) श्रव्य-दृश्य यंत्र-संयंत्रों की योजना बनाने और अपेक्षित सामग्री का उत्पादन करने, (ग) व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने, (घ) अध्ययन केन्द्रों, क्षेत्र में प्रायोगिक-शिक्षण अभ्यास केन्द्रों (फील्ड प्रैक्टिकल सेन्टर्स), के लिये सभी आवश्यक प्रबन्ध करने तथा (ङ) सभी कार्यक्रम संघटकों के लिये धन, मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण तथा मूल्यांकन की व्यवस्था करने का कार्य करेगा।

3.1.1 भूखण्ड और स्थान

विभिन्न प्रकार के शैक्षिक तथा प्रशासकीय कार्यों के लिये पर्याप्त भूखण्ड लगभग 1000 वर्ग मीटर से 1500 वर्ग मीटर तक की व्यवस्था करनी होगी। पर्याप्त भूखण्ड का उपलब्ध होना क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों, पाठ्यचर्या की आवश्यकताओं, कर्मचारियों की संख्या आदि पर निर्भर करेगा।

अच्छा तो यह रहेगा कि संस्थान ऐसे स्थान पर हो जहां का पर्यावरण शोरगुल से दूर एवं प्रदूषण से मुक्त हो। वहां परिवहन तथा संचार साधनों की अच्छी सुविधायें होनी चाहिये। पीने का पर्याप्त पानी और नियमित बिजली मिलती रहनी चाहिए। कर्मचारियों, पुरुष तथा महिलाओं दोनों के लिये प्रसाधन (शौचालय) की सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिये।

3.1.2 भवन में स्थान

कक्ष		फर्नीचर	तल क्षेत्रफल
1	2	3	4
1.	प्रधान का कक्ष (1)	कुर्सियां–6, मेज–1; अलमारी–1	20 वर्ग मीटर
2.	संकाय कक्ष (2)	कुर्सी और मेजें—दोनों एक-एक, कुछ अतिरिक्त कुर्सियां/सीटें; अलमारी—एक-एक	8×20 वर्ग मीटर
3.	सामग्री उत्पादन केन्द्र*	फाइलिंग कैबिनट, अलमारियां आवश्यकतानुसार	80 वर्ग मीटर
4.	भंडार कक्ष (सामान्य)	—	25 वर्ग मीटर

Attested

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

160

1	2	3	4
5.	उत्पादित सामग्री के भंडारण के लिए भंडार कक्ष (1)	फाईलिंग केबिनट, अलमारियां आवश्यकतानुसार	50 वर्ग मीटर
6.	कार्यालय कक्ष (1)	फाईलिंग कैबिनट, अलमारियां, मेजें, कुर्सियां, आवश्यकतानुसार	2× 40 वर्ग मीटर
7.	पुस्तकालय* (1)	30 व्यक्तियों के लिए मेज, कुर्सियां, कैटलाग कैबिनेट, बुक शैल्व्ज—आवश्यकतानुसार	80 वर्ग मीटर
8.	कम्प्यूटर कक्ष (1)	कम्प्यूटर मेज–1, कुर्सी–1, कंसोल के लिए मेज–1	20 वर्ग मीटर
9.	सम्मेलन कक्ष अथवा सभा कक्ष (1)	लम्बी मेज–1, कुर्सियां–25; मेजें व कुर्सियां–दोनों—25–25	60 वर्ग मीटर

*सामग्री उत्पादन केन्द्र—उत्पादन खण्ड

दूरस्थ शिक्षा प्रणाली वाले संस्थान, प्रशिक्षण, अध्यापन, शिक्षा ग्रहण करने और मूल्यांकन सम्बन्धी सामग्री तैयार करते हैं और उसे उपयोग में लाने का काम करते हैं। इस कार्यक्रम की सफलता यही है कि इसकी गुणवत्ता अच्छे स्तर की हो, यह अधिक मात्रा में हो और भिन्न-भिन्न प्रकार की ऐसी सामग्री तैयार की जाये।

उपयुक्त तो यही होगा कि इस केन्द्र में लेजर प्रिन्टर के साथ डी० टी० पी०, डॉट मैट्रिक्स, जेरोक्स मशीन, इलाक्ट्रानिक टाइपराइटर जैसे यंत्र-संयंत्र तथा मुद्रण की सुविधा उपलब्ध रहे। ओडियो कैसैट तैयार करने वाले केन्द्र में ओडियो टेप रिकार्डिंग मशीनें, उच्च श्रेणी के बहुत से टेप तैयार करने के लिये ओडियो कैसेट, साउण्ड डबिंग यंत्र संयंत्र तथा सम्पादन के काम में आने वाली मशीनों की आवश्यकता रहती है। दृश्य सामग्री तैयार करने के लिये वीडियो उत्पादन केन्द्र भी साथ में हो जिसमें वीडियो कैमरे, प्रकाश तथा ध्वनि संयंत्र, वी० सी० आर०, सम्पादन यंत्र-संयंत्र (उपस्कर) रहें।

**पुस्तकालय

मुख्यालय/नोडल केन्द्र में एक अच्छे सुसज्जित पुस्तकालय का होना अनिवार्य है जिसमें शिक्षा विषय की विभिन्न शाखाओं पर कम से कम 1000 पुस्तकें रहें। इसके अतिरिक्त उसमें मानक सन्दर्भ-ग्रंथ, हस्त-पुस्तिकायें, विश्वकोश भी होने चाहिये, साथ ही शिक्षा व्यवसाय पर कम से कम 12 पत्र-पत्रिकायें उपलब्ध रहने की व्यवस्था होनी चाहिये। ऐसा प्रावधान भी रहना चाहिये कि प्रति वर्ष हाल ही में प्रकाशित कम से कम 100 पुस्तकों की वृद्धि उसमें होती रहे।

3.1.3 कर्मचारी आवास गृह

अपेक्षित

प्राचार्य/निदेशक के लिये आवास गृह की व्यवस्था परिसर में ही की जा सकती है। अध्यापक वर्ग के कम से कम 50 प्रतिशत कर्मचारियों के लिये भी आवासगृहों की व्यवस्था होनी चाहिये। जिन क्षेत्रों में रहने के मकानों की गम्भीर समस्या है, वहां सभी कर्मचारियों (अध्यापक वर्ग तथा गैर-अध्यापक वर्ग, दोनों के लिये) आवासगृहों की व्यवस्था की जा सकती है।

3.2 अध्ययन केन्द्र

अध्ययन केन्द्र विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न संस्थानों/महाविद्यालयों या कालेजों में स्थापित किये जा सकते हैं, किन्तु वे विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र के भीतर ही स्थित होने चाहिये। बी० एड/एम० एड में शिक्षा देने वाले अध्यापक शिक्षा संस्थानों को ही, जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त है, अध्ययन केन्द्र माना जायेगा। किन्तु शर्त यह है कि ऐसा कोई भी संस्थान केवल एक ही अध्ययन केन्द्र स्थापित कर सकेगा। विद्यार्थियों को प्रदत्त-कार्य (एसाइन मेन्ट्स) उत्तर सामग्री, ट्यूटोरियलों, परामर्श, समूह चर्चा, आयोजित करने तथा व्यक्तिगत अध्ययन आदि तथा एसाइन-मेन्ट्स के प्रदर्शनार्थ वहां पर्याप्त स्थान और सुविधायें उपलब्ध रहनी चाहिये।

3.2.1 भवन में स्थान तथा सुविधायें

निम्नलिखित निर्मित स्थान निर्धारित किया गया है। कम से कम इतने स्थान का होना अनिवार्य है :

	संख्या	क्षेत्रफल
1. कक्षा के कमरे	1	20 वर्ग मीटर
2. बहुउद्देश्यीय कक्ष	1	60 वर्ग मीटर
3. हाल	1	125 वर्ग मीटर

Attested
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

	संख्या	क्षेत्रफल
4. कम्प्यूटर, प्रायोगिक मनोविज्ञान, शिक्षा प्रौद्योगिकी, प्रयोगशाला आदि	1	लगभग 60 वर्ग मीटर भण्डारण स्थान के लिए 45 वर्ग मीटर
5. कम से कम 25 विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय एवं वाचनालय	1	भंडारण स्थान सहित 50 वर्ग मीटर
6. प्रसाधन (शौचालय आदि) की सुविधाओं सहित प्राचार्य का कक्ष	1	25 वर्ग मीटर
7. स्टाफ कक्ष	1	40 वर्ग मीटर
8. कार्यालय कक्ष	1	40 वर्ग मीटर
9. भंडार कक्ष	1	25 वर्ग मीटर
10. सामान्य बैठक विश्राम कक्ष, जिसमें छात्राओं के लिए पर्याप्त स्थान रहे		
11. लड़कों, लड़कियों तथा अध्यापकों/कर्मचारियों के लिए अलग प्रसाधन (शौचालय आदि)		25 वर्ग मीटर
12. कम से कम दो स्थानों पर पीने के पानी की सुविधाएं जहां कार्य-समय के दौरान हर समय पानी उपलब्ध रहे।		
अपेक्षित		
1. संगोष्ठी (सेमिनार) कक्ष	1	25 विद्यार्थियों के लिए 75 वर्ग मीटर
2. विज्ञान खंड, शिक्षा मनोविज्ञान, शिक्षा प्रौद्योगिकी के लिए अलग-अलग प्रयोगशालाएं	हर एक के लिए	75 वर्ग मीटर, साथ में भंडार के लिए 15 वर्ग मीटर
3. लघु समूह कार्य कक्ष	2	25 वर्ग मीटर
4. अध्यापक वर्ग के लिए अलग कमरे	4	20 वर्ग मीटर
5. कैन्टीन, यदि संभव हो तो सहकारी आधार पर		

अनिवार्य अथवा अपेक्षित मापों का उल्लेख मार्गदर्शन के लिये है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि कमरे आदि उतने आकार के अवश्य रहें जिनमें बिना किसी कठिनाई के अपेक्षित संख्या में पठन-पाठन का काम सुचारू रूप से सुविधापूर्वक चल सके।

3.2.2 बहुउद्देश्यीय प्रयोगशाला

बहुउद्देश्यीय प्रयोगशाला में निम्नलिखित सम्मिलित है :

(क) मनोविज्ञान प्रयोगशाला

दूरस्थ अध्यापक शिक्षा प्रणाली वाले संस्थानों के यहां शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षाओं के लिये मनोविज्ञान प्रयोगशाला और अन्य उपकरण (यंत्र-संयंत्र) होने चाहिये। अपेक्षा तो यह की जाती है कि मनोविज्ञान प्रयोगशाला अलग से हो जिसमें भण्डारण/प्रदर्शनी, उपकरण (यंत्र-संयंत्र) तथा अन्य दूसरी सामग्री रखने के लिये पर्याप्त स्थान मौजूद हो।

(ख) शिक्षा प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला

एक ऐसी प्रयोगशाला होनी चाहिये जिसमें छोटे-छोटे समूहों में विद्यार्थियों द्वारा प्रायोगिक या प्रयोगधर्मी कार्य करने के लिये कम्प्यूटर सहित पर्याप्त श्रव्य-दृश्य तथा अनेक प्रकार के जनसंचार के यंत्र-संयंत्रों की व्यवस्था रहे। शिक्षण के काम में आने वाली सामग्री का उत्पादन करने के लिये संस्थान के कर्मचारी भी इस प्रयोगशाला को उपयोग में ला सकेंगे।

3.2.3 पाठ्यक्रम विशेष प्रयोगशाला

मनोविज्ञान प्रयोगशाला

अनिवार्य

पाठ्यक्रम की आवश्यकतानुसार शिक्षा मनोविज्ञान से संबंधित परीक्षणों के लिय यंत्र-संयंत्र। बुद्धिपरीक्षण (निष्पादन अमौखिक, मौखिक) प्रवृत्ति परीक्षण (एप्टीट्यूड टेस्ट), व्यक्तित्व का स्वरूप, मनोवृत्ति परीक्षण तथा रुचियां-अभिरुचियां।

अपेक्षित

उक्त परीक्षण अनेक बार, संवेदी यंत्र (सेंसरी मोटर) परीक्षण।

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
दिल्ली-54

IndiaCode

(ख) शिक्षा प्रौद्योगिकी

अनिवार्य

ओडियो कैसट रिकार्डर (टू-इन-वन), स्लाइड और फिल्म दिखाने वाला प्रोजेक्टर (स्लाइड-कम-फिल्म-स्ट्रिप प्रोजेक्टर), 16/35 मि०मी० स्टिल कैमरा टी०वी, वी०सी० पी०, ओडियो वीडियो कैसेट तथा चार्ट और स्लाइडें तथा ट्रांसपेरेन्सीज तैयार करने के लिये आवश्यक कला सामग्री। पर्सनल कम्प्यूटर (पी० सी०) रेडियो, वी० सी० आर० एम्प्लीफायर, लाउडस्पीकर, माइक्रोफोन वीडियो कैमरा।

अपेक्षित

इन्टरनेट ई० मेल

3.2.4. पुस्तकें और पत्र पत्रिकाएं

अनिवार्य

अध्ययन केन्द्र में स्थापित पुस्तकालय में प्रारम्भ में स्वयं पढ़कर सीखने वाली/मोड्यूलर सामग्री तथा पाठ्यपुस्तकों की अनकों प्रतियां रहनी चाहिये। स्वयं पढ़कर सीखने वाली मोड्युलर सामग्री की कम से कम पांच-पांच प्रतियां उपबब्ध कराई जाएं। इनके अतिरिक्त पाठ्य पुस्तकों तथा सन्दर्भ-ग्रंथों सहित उसमें कम से कम 2000 पुस्तकें रहनी चाहिये। अध्ययन केन्द्र को शिक्षा-क्षेत्र से सम्बन्धित कम से कम बारह राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक पत्र-पत्रिकाओं को मंगाने की व्यवस्था करनी चाहिये। ऐसा भी अनिवार्य होना चाहिये कि उनमें प्रति वर्ष कम से कम 100 नई प्रकाशित पुस्तकों की वृद्धि होती रहे।

अपेक्षित

पाठ्य-पुस्तकों एवं संदर्भ ग्रंथों सहित कम से कम 5000 पुस्तकें, साथ में प्रति वर्ष कम से कम 150 नई प्रकाशित पुस्तकों की वृद्धि करते रहने का प्रावधान होना चाहिये। केन्द्र को कम से कम 15 व्यावसायिक पत्र-पत्रिकाएं मंगाने की व्यवस्था करनी चाहिये।

3.2.5 फर्नीचर

अध्ययन केन्द्र में जितने भी कमरे हैं उन सभी में उचित ढंग का फर्नीचर पर्याप्त मात्रा में रहना चाहिए। संस्थान के भिन्न-भिन्न कमरों के लिये फर्नीचर के मानक नीचे दिये जा रहे हैं :

मानक

फर्नीचर का स्वरूप	अनिवार्य	अपेक्षित
1	2	3	4
1. परामर्शसत्रों के लिये प्रत्येक विद्यार्थी के लिये 1 सैट	प्रत्येक कक्षा के लिए 25 सैट	30 सैट
अध्यापक के लिये मेज तथा कुर्सी, ब्लैकबोर्ड	1 सैट (2.5 मी० 1 मी×1 मी) एक	अच्छे आकार के दो
2. सेमिनार आदि के लिये	—	इतनी जो 35 विद्यार्थियों एवं 10-15 अध्यापकों के लिये पर्याप्त रहें
3. मंच सहित हाल/सम्मेलन कक्ष (एक) तथा कुर्सियां	—	इतने बड़े आकार का जिसमें 100-150 व्यक्तियों के लिए स्थान रहे
4. बहुउद्देश्यीय प्रयोगशाला : (विज्ञान, मनोविज्ञान शिक्षा प्रौद्योगिकी)	प्रत्येक प्रयोगशाला में 2	प्रत्येक प्रयोग में 5
काम की टेबिल (1.25×0.9×0.1) स्टूल (0.6 ऊंचाई)	प्रत्येक प्रयोगशाला में 25	प्रत्येक प्रयोग में 50
प्रदर्शन टेबिल तथा कुर्सी	प्रत्येक प्रयोगशाला में एक	प्रत्येक प्रयोग में 2
लोहे की अलमारी, स्टोरेज रेक्स	प्रत्येक प्रयोगशाला में एक	प्रत्येक प्रयोग में 2
	प्रत्येक प्रयोगशाला में 2	प्रत्येक प्रयोग में 4
5. प्राचार्य/प्रधान/निदेशक का कक्ष टेबिल, लोहे की अलमारी, पुस्तक-रैक, फाइल कैबिनेट, टेलीफोन/फैक्स कुर्सियां	हर वस्तु एक 10	हर वस्तु एक 15
6. अध्यापक कक्ष आलमारी/कैबिनेट, मेज और कुर्सियां	एक	—

Attested
25/4/11
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

163

1	2	3	4
7.	कार्यालय कक्ष कुर्सी तथा मेज, अतिरिक्त कुर्सियां, लोहे की अलमारी कैबिनेट, फाइल रैक, सूचना पट्ट, स्टूल	एक या दो जहां यह साज सामान पर्याप्त संख्या में हो	—
8.	भण्डार कक्ष लोहे की अलमारी, सामान रखने वाले रैक आदि	प्रत्येक भण्डार कक्ष में तीन	प्रत्येक भण्डार कक्ष में चार या पांच
9.	विद्यार्थी कक्ष कुर्सियां, लम्बी टेबिल आदि		जो 40 विद्यार्थियों के लिये काफी हों

3.3 व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम (पी० सी० पी०) केन्द्र

अध्ययन केन्द्रों में व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिये। इन केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में श्रव्य-दृश्य उपकरणों की व्यवस्था रखनी होगी। इन केन्द्रों के लिए नियुक्त कर्मचारी वर्ग में एक समन्वयक (कोआर्डिनेटर) कम से कम चार अध्यापक प्रशिक्षक तथा अंशकालिक आधार पर आवश्यक सहायक तकनीकी कर्मचारी रहे। पढ़ाये जाने वाले विषयों की आवश्यकताओं के अनुसार अंशकालिक अध्यापकों का चयन भी किया जा सकता है। समन्वयक के कक्ष, परामर्श कक्षों, श्रव्य-दृश्य यंत्र संयंत्रों के प्रदर्शन, पुस्तकालय में पुस्तकों तथा अन्य शिक्षण सामग्री एवं भण्डार आदि के लिये पर्याप्त सुविधायें उपलब्ध रहनी चाहिये।

4. शैक्षणिक अवदान : पात्रता

4.1 प्रवेश केवल उन्हीं प्रत्याशियों को दिया जायेगा जिन्होंने स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो, साथ ही बी० एड अथवा समकक्ष परीक्षा में जिसके कम-कम 50 प्रतिशत अंक रहे हों, और जिनके पास विश्वविद्यालय संस्थान के अधिकार क्षेत्र में पूर्ण-कालिक नियमित अध्यापक-प्रशिक्षक-शोधकर्त्ता /नीति-निर्धारक/ अध्यापक/शिक्षा प्रशासक के पद पर कम से कम दो वर्ष तक कार्य करने का अनुभव हो।

संवैधानिक कानूनी प्रावधानों के अनुसार सीटें आरक्षित रखी जानी चाहिए ।

4.2 चयन क्रियाविधि :

प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन योग्यता के आधार पर किया जायेगा । योग्यता का निर्धारण शिक्षा के क्षेत्र में काम की अवधि योग्यता-निर्धारण परीक्षा (बी० एड०) अथवा उसकी समकक्ष परीक्षा में प्राप्त सफलता के स्तर तथा अध्ययन केन्द्रों पर सुगमता से पहुंचने की सुविधा पर विचार करके तथा/अथवा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित किसी अभिकरण-विश्वविद्यालय/ राष्ट्रीय स्तर/राज्य स्तर अथवा स्वयं संस्थान द्वारा ली गई/चयन परीक्षा/लिये गये साक्षात्कार के आधार पर किया जावेगा । अध्यापक शिक्षा संस्थानों/जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों आदि में कार्यरत व्यक्तियों को वरियता दी जायेगी ।

4.3 सामग्री :

(क) दूरस्थ शिक्षा फार्मेट में स्वयं पढ़कर सीखने की पर्याप्त मुद्रित पाठ्यक्रम सामग्री, नमुने के बतौर ऐसी मुद्रित सामग्री का जिसका मूल्यांकन राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा गठित एक समिति द्वारा किया गया हो ।

(ख) हर एक पाठ्यक्रम/प्रश्नपत्र के लिए श्रव्य-दृश्य सामग्री (पैकेजेज) की पर्याप्त व्यवस्था ।

(ग) नियमित एसाइनमेन्ट्स, जिनका निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा-पूरा मूल्यांकन आवश्यक/पढ़ाये जाने वाले प्रत्येक प्रश्नपत्र/पाठ्यक्रम में दो एसाइनमेन्ट्स रहेंगे।

4.4 सम्पर्क कार्यक्रम :

कम से कम 360 घंटे का अनिवार्य सम्पर्क कार्यक्रम जिसमें 12 सप्ताह तक प्रति दिन अधिक से अधिक 6 घंटे तक शोध-प्रबन्ध के लिए मार्गदर्शन का कार्यक्रम सम्मिलित रहेगा । यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विभागों/शिक्षा महाविद्यालयों के योग्यता-प्राप्त अध्यापक-प्रशिक्षकों द्वारा चलाया जायेगा । कार्यक्रम के दौरान समूह कार्य, व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रतिक्रियाओं, अनुभवजन्य ज्ञान और छोटे-छोटे समूहों में क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप में तथा अन्य व्यक्तियों के माध्यम से प्राप्त अनुभवों पर जोर दिया जायेगा ।

कम से कम 360 घंटे के सम्पर्क कार्यक्रमों का होना अनिवार्य है । इन कार्यक्रमों का उपयोग शिक्षण-प्रशिक्षण/ शैक्षिक/शोध-कार्य सम्बन्धी गतिविधियों का काम आगे बढ़ाने के लिए किया जायेगा; इनमें सिद्धान्त, प्रायोगिक

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

शिक्षण-अभ्यास, समूहचर्चा, शोध प्रबन्ध लेखन, अध्यापक शिक्षा संस्थानों में इन्टर्नशिप का कार्य पर जोर दिया जायेगा ।

4.5 मूल्यांकन :

पाठ्यक्रमों के पाठ्यचर्या एवं सह-पाठ्यचर्या के सभी क्षेत्रों में निर्धारक तथा योगात्मक मूल्यांकन किया जायेगा । विश्वविद्यालय/परीक्षा आयोजित करने वाले निकायों द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यांकन निरन्तर एवं व्यापक रूप से होता रहे । जब भी आवश्यक हो मूल्यांकन के लिए लिखित, प्रायोगिक, मौखिक तथा अन्य किसी नवीन प्रक्रिया को अपनाया जा सकता है । दत्त कार्य (एसाइनमेन्ट्स), प्रायोगिक तथा अन्य कार्यों के आधार पर संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि अपेक्षित जानकारी निरन्तर मिलती रहे । सिद्धान्त पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारक (आंतरिक) मूल्यांकन में कम से कम 25 प्रतिशत अंक अधिक दिये जाएंगे । प्रत्येक प्रश्नपत्र के पाठ्यक्रम में निर्धारक (आंतरिक) तथा योगात्मक (बाह्य) के मूल्यांकन के आधार पर उतीर्ण होने के निर्धारित अंक अलग-अलग रहेंगे । शोध-प्रबन्ध-लेखन/परियोजना कार्य पर आंतरिक तथा बाह्य मूल्यांकन दोनों में 50 प्रतिशत का इजाफा दिया जायेगा ।

5. वित्तीय प्रावधान :

5.1 वृत्तिदान (एण्डाउमेन्ट) तथा आरक्षित निधि :

दूरस्थ माध्यम से शिक्षा में स्नातकोतर उपाधि (एम० एड०) पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थान को आर्थिक दृष्टि से मजबूत और ऐसा होना चाहिए कि उसकी आर्थिक स्थिति से कार्य चलाना संभव हो । सरकार/स्थानीय स्वायत्त प्रशासनों/विश्वविद्यलय के संस्थानों को चाहिए कि वे उसे समय-समय पर पर्याप्त आर्थिक सहायता देते रहें । निजी उद्योग से चलाये जाने वाले संस्थानों के पास 5 लाख रुपये की वृत्ति दान निधि और इतनी आरक्षित निधि होनी चाहिए जिससे वे अपने कर्मचारियों को तीन माह का वेतन देने में समर्थ हों ।

5.2 लेखा-परीक्षा :

संस्थान को अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रमवार बजट बनाने, खर्च की मंजूरी देने, लेखा रखने और लेखा-परीक्षा प्रक्रियाओं पद्धतियों को अपनाना चाहिए । वार्षिक लेखा-विवरण की लेखा-परीक्षा विधिवत स्वीकृत चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट सहित सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए ।

5.3 लागत खर्च :

5.3.1 अनावर्ती लागत खर्च :

मोडल केन्द्र :

(क) शैक्षिक खण्ड, (ख) प्रशासकीय खण्ड तथा (ग) संसाधन खण्ड के लिए पर्याप्त स्थान तथा साज-सामान की फिटिंग सहित संस्थान के लिए उपयुक्त भवन हो तथा साथ ही अध्ययन केन्द्र और व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम केन्द्र (पी० सी० पी०) के लिये भी ऐसी ही व्यवस्था रहें । भवन, पुस्तकें, फर्नीचर, वृत्तिदान निधि आदि पर होने वाले अनावर्ती लागत खर्च का पर्याप्त अनुमान 40 लाख रुपये से कम होने का नहीं है ।

5.3.2 आवर्ती लागत खर्च :

वेतन (नियमित संकाय-सदस्य/कर्मचारी), अन्य आवर्ती लागत खर्च	वि० वि० अ० आयोग के मानकों के अनुसार प्रति विद्यार्थी प्रति वर्ष 3000/- रु० की दर से
पुस्तकालय के लिए पुस्तकें तथा पत्र पत्रिकाएं आदि	प्रति विद्यार्थी प्रति वर्ष 200/- रुपये की दर से

6. एक ही संस्थान में एक से अधिक पाठ्यक्रम :

यदि एक ही संस्थान द्वारा उसी भवन परिसर में एक से अधिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम चलाने की व्यवस्था तो उस स्थिति में भवन, हाल, पुस्तकालय, छात्रावास, उपकरण, खेल के मैदान आदि के रूप में उपलब्ध सुविधाओं का सभी मिलकर यथावश्यक उचित लाभ उठा सकते हैं ।

सं० एफ० 28-11/96-एन० सी० टी० ई०—धारा 32 की उप धारा (2) के खंड (च) तथा (ज) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् अधिनियम, 1993 (1993 की संख्या 73) की धारा 14 एवं 15 के साथ पढ़ा जाए, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा संख्या एफ०-28-11/95-एन० सी० टी० ई०, दिनांक 29 दिसम्बर, 1995 के अन्तर्गत जारी राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता के लिए आवेदनपत्र, आवेदनपत्र, भेजने की विधि, संस्थानों की मान्यता, नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति की शर्तों का निर्धारण) विनियम, 1995 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाये हैं ।

1. इन विनियमों का नाम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता के लिये आवेदनपत्र, आवेदनपत्र भेजने की विधि, संस्थानों की मान्यता, नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति की शर्तों का निर्धारण (संशोधन) विनियम, 1998 है ।

2. ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू माने जायेंगे ।

3. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता के लिये आवेदनपत्र, आवेदनपत्र भेजने की विधि, संस्थानों की मान्यता, तथा नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति की शर्तों का निर्धारण) विनियम, 1995 के [illegible] 7 (आवेदनपत्र भेजने की समयसीमा) के उप-पैरा

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग

(ख) तथा (ग) को संशोधित कर दिया गया है और अब उनके स्थान पर निम्नलिखित को रखा जायेगा :—

(ख) प्रत्येक संस्थान को जो अध्यापक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण की व्यवस्था करना चाहता है, अपना आवेदनपत्र सम्बन्धित क्षेत्रीय समिति को भेजना होगा, जो आगामी शिक्षा-सत्र के प्रारम्भ होने की निर्धारित तारीख से कम से कम चार महीने पहले वहां पहुंच जाना चाहिए ।

(ग) मान्यताप्राप्त संस्थानों द्वारा अध्यापक शिक्षा के लिये कोई नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने या प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की स्वीकृत संख्या में वृद्धि करने की अनुमति प्राप्त करने का आवेदनपत्र क्षेत्रीय समिति को भेजा जायेगा जो उनके यहां आगामी शिक्षा-सत्र प्रारम्भ होने की तारीख से कम से कम चार महीने पहले पहुंच जाना चाहिए ।

सुरेन्द्र सिंह,
सदस्य सचिव

STATE BANK OF TRAVANCORE
ASSOCIATE OF THE STATE BANK OF INDIA

Thiruvananthapuram, the 30th January, 1999

With reference to the Notice dated 23rd November, 1998, published in the Gazette of India regarding convening of a General Meeting of the shareholders of the State Bank of Travancore on Saturday the 30th January, 1999, at 11 a.m. at Tagore Centenary Hall, Vazhuthacaud, Thiruvananthapuram 695014, for the purpose of electing two shareholders to be Directors on the Board of the Bank in pursuance of Section 25 (1) (d) of State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959, and the notice dated 14th January, 1999, declaring the names of the valid nominees in pursuance of Regulation 33 of the SBI (SB) General Regulations,1959, NOTICE IS HEREBY GIVEN that the following candidates were declared elected as Directors at the General Meeting of shareholders on 30-01-99.

1. Mr. P.O. Yatheendra Mohan,
   TC-7/1521-4, Kattachal Road,
   Thirumala P.O. Trivandrum-695005

2. Mr. K.P. Thomas,
   Kalapurakal, Ericadu, Puthupally P.O.
   Kottayam-686011

VEPA KAMESAM
Managing Director

THE INSTITUTE OF CHARTERED ACCOUNTANTS OF INDIA

New Delhi-110002 the 25th January, 1999

No. 13-CA (EXAM) /M/99—In pursuance of Regulation 22 of the Chartered Accountants Regulations, 1988, the Council of the Institute of Chartered Accountants of India is pleased to notify that the Foundation, Intermediate and Final Examinations will be held on the dates given below at the following centres provided that sufficient number of candidates offer themselves to appear from each centre :—

FOUNDATION EXAMINATION : (As per syllabus contained in para 1A of Schedule 'B' to the Chartered Accountants Regulations, 1983).

7th, 8th, 10th and 11th May, 1999.

INTERMEDIATE EXAMINATION : (As per syllabus contained in para 2A of Schedule 'B' to the Chartered Accountants Regulations, 1988).

Group I : 3rd, 4th, and 5th May, 1999
Group II : 6th, 7th, and 8th May, 1999.

FINAL EXAMINATION : (As per syllabus contained in para 3A of Schedule 'B' to the Chartered Accountnats Regulations, 1988).

Group I : 3rd, 4th, 5th and 6th May, 1999.
Group II : 7th, 8th, 10th and 11th May, 1999.

EXAMINATION CENTRES :

(i) CENTRES IN INDIA :

(1) Agra (2) Ahmedabad (3) Ajmer
(4) Allahabad (5) Alleppey (6) Ambala
(7) Amritsar (8) Asansol (9) Aurangabad
(10) Bangalore (11) Baroda (12) Belgaum
(13) Bhopal (14) Bhubaneswar (15) Calcutta
(16) Calicut (17) Chandigarh (18) Chennai
(19) Coimbatore (20) Cuttack (21) Dehra Dun
(22) Delhi/New Delhi (23) Ernakulam (24) Faridabad
(25) Gauhati (26) Ghaziabad
(27) Goa (28) Gwalior (29) Hisar
(30) Hyderabad (31) Indore (32) Jabalpur
(33) Jaipur
(34) Jammu (35) Jamshedpur (36) Jodhpur (37) Kanpur (38) Kota (39) Kottayam (40) Lucknow
(41) Ludhiana (42) Madurai (43) Mangalore

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
दिल्ली-54

IndiaCode